## सार-समाचार

### शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन दिया

**रतनगढ़** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) तहसील कार्यकारिणी के प्रतिनिधि मंडल ने झालावाड़ जिले में हुई दुखान्तिका के संबंध में तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार नायक के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी रतनगढ़ के माध्यम से मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन दिया। वरिष्ठ शिक्षक नेता शिवकुमार गाडगिल ने बताया कि झालावाड जिले के मनोहर थाना क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरोली में हुई दुखान्तिका पर शिक्षक संघ अंबेडकर गहरी संवेदना व्यक्त करता है और शिक्षक संघ अंबेडकर अपने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार से मांग करता है कि हादसे में मृतक विद्यार्थियों के परिजनों को एक एक करोड़ रुपए तथा घायलों को समुचित आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। शिक्षकों पर एकतरफा कार्यवाही ना करके लापरवाही बरतने वाले दोषियों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रदेश भर के सभी विद्यालय भवनों की सुरक्षा की जांच सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाकर भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र जारी किया जाए। नयी शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप राज्य बजट का न्यूनतम 6 प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र में खर्च किया जाए। इस अवसर पर जिला संयुक्त मंत्री भंवरलाल सांवा, तहसील मंत्री नेतराम मीणा, कोषाध्यक्ष अनिल कंवल, राकेश नायक, सुनील मीणा प्रतिनिधि मंडल में शामिल हुए।

### टीबी मरीजों को निक्षय पोषण आहार किट मिला

**रतनगढ़** (निसं)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर की नई पहल के अंतर्गत जिले में 27 से 31 जुलाई 2025 तक विशेष निक्षय पोषण किट वितरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज टीबी क्लिनिक रतनगढ़ में 15 टीबी मरीजों को पोषण सामग्री वितरित की गई।इस पहल के तहत चिकित्साकर्मी स्वेच्छा से "निक्षय मित्र" बनकर टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान कर रहे हैं, जो एक अनुकरणीय उदाहरण है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि क्षय रोगियों के लिए नियमित उपचार के साथ संपूर्ण प्रोटीन युक्त पोषण भी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर टीबी से बचाव और इलाज के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में भी जानकारी दी गई।जिला टीबी रोग अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश ने बताया कि निक्षय पोषण किट अभियान के तहत जिले में चिकित्साकर्मियों द्वारा अपने खर्च पर टीबी रोगियों को पोषण किट दी जा रही है। इस अभियान में जिले में 1400 निक्षय मित्र बनाने और 1900 टीबी रोगियों को पोषण किट देने का लक्ष्य रखा गया है।इस कार्यक्रम में जिला क्षय निवारण केंद्र के कार्मिक उपस्थित रहे। यह अभियान दर्शाता है कि स्वास्थ्य विभाग केवल दवा ही नहीं, बल्कि टीबी रोगियों के पोषण की भी परवाह करता है।

### हाथ ठेलों में चोरी से व्यापारियों में आक्रोश

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ में मुख्य बस स्टैंड को लिंक रोड से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित प्राइवेट बस स्टैंड के पास बीती रात अज्ञात चोरों ने 6 हाथ ठेलों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने हाथ ठेलों में रखे सामान, बर्तन और गल्ले पर हाथ साफ किया। हालांकि, एक हाथ ठेले का ताला तोड़ने में वे नाकाम रहे। इन हाथ ठेलों पर चाय, ब्रेड-पकौड़ा, गन्ने का जूस और अन्य खाद्य पदार्थों का व्यापार होता है।इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। व्यापारियों का कहना है कि बस स्टैंड के पास पुलिस का गश्त पॉइंट है और रात्रि में होमगार्ड के जवान तथा पुलिस भी गश्त करती है, इसके बावजूद चोरी की घटना होना चिंताजनक है। इस घटना ने व्यापारियों को दहशत में डाल दिया है।यह पहली बार नहीं है जब यहां हाथ ठेलों में चोरी हुई है। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर लिया था। वर्तमान चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। आगे की जांच जारी है।

### पेड़ों की टहनियों की छंटाई की

**पाटन** (निसं)। सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित हवलदार राजू मीणा के नेतृत्व में एक जागरूक नागरिक टीम ने न्यौराणा गांव की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर लटक रही पेड़ों की टहनियों की छंटाई कर रास्ते को सुरक्षित बनाया। यह कार्य गांववासियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया।इस नेक कार्य की पहल करते हुए राजू मीणा ने बताया, मार्ग के दोनों ओर पेड़ों की टहनियां नीचे की ओर झुकी हुई थीं, जिससे वाहन चालकों को न केवल परेशानी होती थी बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने पेडों की कटाई-छंटाई कर रास्ते को व्यवस्थित किया है।स्थानीय लोगों ने भी इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यह कार्य न केवल सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह जनभागीदारी और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बेहतरीन उदाहरण भी है।टीम द्वारा किया गया यह कार्य एक बार की पहल न होकर निरंतर जारी रहने वाला अभियान होगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा और स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा सके।

### पौधारोपण का शुभारंभ

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार बुधवार को तालुका विधिक सेवा समिति राजगढ़ द्वारा न्यायालय परिसर राजगढ़ में अपर जिला एवं सेशन न्यायधीश क्र सं 01 मुनेश चंद यादव की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम जनता को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर न्यायधीश महोदय ने स्वयं परिसर में एक पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभकिया। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष विक्रमपाल जांगिड, अधिवक्तागण प्रीतम शर्मा, मनोज पचार, चरण सिंह पूनिया, रामनिवास गुर्जर, राकेश पूनिया, जितेंद्र सहारण, सत्यभान तक्षक, हनुमान शेखावत सहित अन्य अधिवक्तागण एवं धनपत गरवाल, सुनील मीणा, अजय कुमार दर्जी सहित अन्य न्यायिक कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्व. शीशराम ओला को याद किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। किसानों के मसीहा रहे, सबसे लंबे समय तक जनप्रतिनिधित्व करने वाले आठ बार विधायक, पांच बार सांसद, दो बार जिला प्रमुख के पदों पर रहे पद्मश्री से सम्मानित स्व. शीशराम ओला की 98वीं जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन की गई। उनकी जीवनी को याद कर प्रेरणा लेने का आ ान किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि वे पर्यावरण प्रेमी थे। इसलिए ग्राम वन संरक्षक एवं प्रबंध समिति सोलाना ने स्व. ओला के जन्मदिन के मौके बरानी व टीबा नदी भूमि पर पौधे लगाकर पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। वहीं 11 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर ग्राम वन संरक्षक एवं प्रबंध समिति सोलाना के अध्यक्ष मोहरसिंह सोलाना, सरपंच सुनिल, विद्याधर सिंह, हनुमान सिंह, सहीराम पंच, विकास झाझड़िया, दीपक पूनियां, मनोज ओला, कपिल, भाग्येश, कुशल, अजरूद्दीन, राहुल खान, मनीराम ओला, कपिल झाझड़िया, गगनदीप योगी आदि उपस्थित थे।

### अमित कुमार झुंझुनूं जिलाध्यक्ष चुने गए

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान आर्थिक एवं सांख्यिकी अधीनस्थ कर्मचारी संघ के चुनाव में अमित कुमार ने भारी मतों से जीत दर्ज कर जिलाध्यक्ष पद अपने नाम कर लिया। चुनाव का संचालन निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी झुंझुनूं एवं सरिता यादव ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सूरजगढ़ के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस चुनाव में अजय शर्मा को निर्विरोध पार्षद घोषित किया गया।

### बहनों का सुरक्षा-सम्मान कार्यक्रम पांच को

**सीकर** (निसं)। उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सीकर सुमन पारीक ने बताया कि 5 अगस्त 2025 को प्रातः9 बजे से सायं 6 बजे तक बहनों का सुरक्षा-सम्मान कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर सीकर में किया जायेगा जिसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा वी.सी के माध्यम से आंगनबाडी कार्यक्रर्ताओं, सहायिकाओं से संवाद किया जायेगा।

### भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। सावन मास के पावन अवसर पर देवकीनंदन बंका परिवार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शंकर का रुद्राभिषेक किया गया। यह अनुष्ठान पंडित मनीष शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान भगवान भोलेनाथ की सुंदर झांकी भी सजाई गई।

# चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वां ने रेलमंत्री से मुलाकात की

■ ट्रेनों के नियमितीकरण व विस्तार की मांग भी रखी

**चूरू,** (निसं)। नई ट्रेनों के संचालन सहित हनुमानगढ़ वॉशिंग लाईन शुरू करने एवं धार्मिक कॉरिडोर की मांग को लेकर चुरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वां की रेल मंत्री से मुलाकात की तथा ट्रेनों के नियमितीकरण व विस्तार की मांग भी रखी गई। बुधवार को जारी प्रेसनोट में दी जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम को चूरू सांसद राहुल कस्वां ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर चूरू संसदीय क्षेत्र सहित प्रदेश से जुड़े रेलवे सम्बन्धित विषयों पर चर्चा कर विभिन्न मांगे उनके समक्ष रखीं।

सांसद राहुल कस्वां ने बताया कि संसदीय क्षेत्र में कुछ नई ट्रेनों के संचालन, विस्तार एवं नियमित करने की डिमांड रखी, जिसने हनुमानगढ़ से जोधपुर वाया सादुलपुर, चूरू, रतनगढ़, सुजानगढ़ , हनुमानगढ़ से उदयपुर वाया सादुलपुर, चूरू, रतनगढ़, सुजानगढ़, अजमेर, दिल्ली सराय रोहिला-जोधपुर एक्सप्रेस (22421/22) का विस्तार गांधीधाम तक करने, बांद्रा-जम्मूतवी (19027/28) का नियमितीकरण करने की मांग की।

इसके अलावा हनुमानगढ़ में नवनिर्मित वॉशिंग लाइन को शुरू करने के लिये कहा ताकि क्षेत्र को लम्बी दूरी की और ट्रेनें मिल सकें। रींगस से खाटूश्याम जी तक प्रस्तावित नई रेलवे लाइन को आगे बढाकर जीण माता-सांगलिया धूणी-श्री सालासर बालाजी धाम-श्रीडूंगर बालाजी (द्रोण पर्वत)-सुजानगढ़-बीदासर-मुकाम धाम-देशनोक तक धार्मिक कॉरिडोर बनाने की मांग भी सांसद कस्वां ने रखी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग को रींगस से खाटू श्याम जी और फिर रशीदपुरा खोरी स्टेशन से सालासर धाम तक दो भागों में बनाने की बजाय खाटू श्याम जी से सीधा विस्तार देते हुए जीण माता-सांगलिया धूणी- श्री सालासर बालाजी धाम-श्रीडूंगर बालाजी (द्रोण पर्वत)-सुजानगढ़-बीदासर-मुकाम धाम-देशनोक तक के प्रौजेक्ट को स्वीकृति प्रदान कर डीपीआर तैयार करवाई जाये, ताकि इन धार्मिक स्थलों पर आने वाले करोडों श्रद्धालुओं को लाभ मिले। साथ ही सांसद ने सिरसा से सरदारशहर वाया नोहर; सादुलपुर से श्रीडूंगरगढ़ वाया तारानगर, सरदारशहर एवं सीकर से नोखा वाया सुजानगढ़ मार्ग का सर्वे करवाकर इन्हें स्वीकृति प्रदान करने की मांग की।

### विश्व स्तनपान सप्ताह कल से

**सीकर,** (निसं)। जिले में स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक करने तथा शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उददेश्य से चिकित्सा विभाग की ओर से एक से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। स्तनपान के संरक्षण एवं समर्थन को बढावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष अगस्त माह के प्रथम सप्ताह को स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता हैं। विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत स्तनपान कराने वाली माताओं को जागरूक करना, स्तनपान को बढ़ावा देने, बाल मृत्युदर को कम करने, पोषण में सुधार व शिशु के विकास को बढाने में स्तनपान की भूमिका पर जोर दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि इस बार प्रत्येक मॉ को स्तनपान के लिए आवश्यक समर्थन और जानकारी प्रदान करना व मॉ को इच्छानुसार स्तनपान जारी रखने के लिए सहयोग प्रदान करना थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### एनएमटी कॉलेज में गुरु वंदन कार्यक्रम

**झुंझुनूं,** (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की स्थानीय इकाई सेठ नेतराम मघराज टीबडेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं महर्षि वेदव्यास जी को माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झुंझुनूं विभाग के प्रचारक मुकेश थे। अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य रामकुमारसिंह ने की। मंचस्थ अतिथियों एवं सभी शिक्षकों का छात्राओं ने तिलक लगाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्य वक्ता मुकेश ने पुरातन भारतीय ज्ञान परंपरा एवं गुरु-शिष्य संबंधों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न रोचक दृष्टांतों के माध्यम शिक्षकों एवं छात्राओं के समक्ष अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि हम सब को अपने गुरु रूपी माता-पिता, शिक्षकों और बड़े-बुजूर्गों की शिक्षा का अनुकरण कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला सचिव डॉ. विकास भडिया ने संगठन द्वारा वर्षभर में होने वाले सभी कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया।

# गुरु मनुष्य के जीवन की आधारशिला होता है : चाकलान

**रतनगढ़** (निसं)। गुरु मनुष्य के जीवन की आधारशिला होता है जो मनुष्य को हर समय सहारा देने का काम करता है। गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का पर्व है। यह उद्गार भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद की शाखा रतनगढ़ द्वारा स्थानीय नवोदयन एकेडमी शिक्षण संस्थान में आयोजित काव्य गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रकट किये।

चाकलान ने कहा कि जो शिष्य अपने गुरु के प्रति समर्पण का भाव रखते हैं उन शिष्यों के लिए गुरु भी सर्वस्व दान कर देते हैं। माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथि सत्कार से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के उद्योगपति मोतीलाल तातेड ने कहा कि, गुरु की तो मूर्ति के प्रति समर्पण ही व्यक्ति को एकलव्य बना देता है।

कार्यक्रम में शाब्दिक स्वागत करते हुए सेवानिवृत प्राचार्य प्रो. कल्याणसिंह चारण ने परिषद की नवगठित कार्यकारिणी के बारे में जानकारी देते हुए, आगामी रूपरेखा को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि अनिल लाटा थे वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार सज्जनलाल बैद द्वारा काव्यगोष्ठी में कविता शारद तेरे द्वार पर सब होसी समान सुनाई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षाधिकारी कुलदीप व्यास ने प्रथम गुरु माँ पर अपनी कविता माँ प्यार का सागर है, ममता का खजाना है को स्वर दिया तो माहौल को सरस बना दिया वहीँ युवा कवयित्री भानुप्रिया ने रक्षाबंधन पर राखी है बंधन प्रेम का कविता सुनाई।

दिलीप स्वामी ने गुरु पथ-सूर्य है, जो ज्ञान किरण फैलाता है सुनाई तो अरविन्द मिश्रा ने अपनी लम्बी कविता गुरु कृपा से नारद हर्षाए का वाचन किया. युवा कवि मनोज चारण ने अपने घनाक्षरी कान्हो बंध्यो आयो देखो प्रीत वाली डोरी सों सुनाए तो श्रोता वाह-वाह कर उठे। प्रेमलता अग्रवाल, ओमप्रकाश सांखोलिया, प्रभात कुमार बील, विशाल रांकावत ने अपनी कविताओं का पाठ किया वहीं विद्यालय के नन्हे-नन्हे बालकों भव्य शर्मा, लक्ष्य पारीक, मानवेन्द्रसिंह, विक्रमसिंह, देवराजसिंह ने भी कविता पाठ किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा आयोजित कहानी प्रतियोगिता में तहसील स्तर पर प्रथम और प्रान्त स्तर पर द्वितीय स्थान पर रही बालिका निकिता, तहसील स्तर पर क्रमशः द्वितीय और तृतीय रही बालिकाओं वाणी दाधीच और प्रियंका बेनीवाल को सम्मानित किया गया। काव्य गोष्ठी में राजकुमार महर्षि, कमेलशदत्त शर्मा, सत्यनारायण टेलर, पिरुमल प्रजापत, जगदेव सांखोलिया, वेदप्रकाश पंवार, अजय गार्गी, महावीर प्रसाद सेवदा, परमेश्वर लाल आत्रेय, त्रिविक्रम अपूर्व, रघुनाथप्रसाद इन्दोरिया, रेणु पारीक, रामचंद्र पारीक सहित अन्य काव्य रसिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम एवं काव्य गोष्ठी का संचालन युवा कवि मनोज चारण ने किया।

# पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सोनी का अभिनंदन

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में मंगलवार देर शाम को पशु चिकित्सालय में लंबे समय से सेवा देने वाले एवं कुछ दिन पूर्व पशुपालन विभाग के सहयोग निदेशक पद पर प्रमोशन होने वाले डॉ. हीरालाल सोनी की सेवानिवृत्ति 31 जुलाई को चूरूसे होगी। इससे पूर्व मैढ क्षित्रय स्वर्णकार समाज के द्वारा स्टेडियम के पास स्थित माताजी के मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष गंगाराम सोनी , पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. हीरालाल सोनी , उपाध्यक्ष जगदीश कडेल, रमेश कडेल, मंजू सोनी, रुपाली सोनी ,गौरव सोनी मंचस्थ अतिथि रहे। समाज की ओर से उनका साफा , माला, दुप्पटा, पहनाकर व श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट करके स्वागत किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन शंकरलाल कडेल ने किया। गंगाराम सोनी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बड़े ही सौभाग्य की बात है कि इन्होंने काफी वर्षों से राजलदेसर में सेवा दी है उनकी सेवा सराहनीय है क्योंकि मानव की सेवा से बढ़कर पशु की सेवा है क्योंकि बोलकर बीमारी नहीं बता सकते इसलिए मैं मानता हूं कि पशुओं की सेवा करना बहुत ही मुश्किल है । इनके द्वारा जिस तरह से दोनों गौशाला में गौ माता की निस्वार्थ भाव से सेवा दी है वह भी तारीफ के योग्य है । किसी को भी इन्होंने निराश नहीं किया चाहे गांव हो या ढाणी हो जब भी इनके पास फोन आता इनके द्वारा कोशिश रहती कि मैं ढाणी ढाणी जाकर अपनी सेवा दूं और इन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी सेवाएं दी है।

समिति के मंत्री लाभचंद सोनी, श्यामसुंदर कुकरा ने विचार व्यक्त किए। डॉ हीरालाल सोनी ने मान सम्मान देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं समाज के लिए हमेशा तैयार रहूंगा मेरे से जितना सहयोग होगा में हमेशा तत्पर रहूंगा। मैंने किसी को भी निराश नहीं होने दिया क्योंकि मेरे द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी लोगों के द्वारा फोन करने पर मैं तुरंत सेवा देने के लिए पहुंच जाता था। उन्होंने समाज के नवयुवकों से कहा कि आने वाला समय इन युवकों का है यह समाज को नई दिशा ले जाने का कार्य करेंगे। जिस तरह से लगातार जातिवाद हावी हो रहा है यह आने वाला समय बहुत ही कठिन होगा। उन्होंने कहा कि समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लिए भी कार्य करें। समाज में जो जरूरतमंद व्यक्ति है अगर हमसे जितना सहयोग होता है तो करना चाहिए।

संबोधन में कहा कि अब मेरी जिम्मेदारी समाज के लिए और अधिक बढ़ गई है मैं सेवानिवृत्ति के बाद समाज के प्रत्येक कार्य में अपनी हिस्सेदारी निभाऊंगा । इस अवसर पर रामावतार कुकरा, शिवभगवान जोड़ा, मन्नालाल कुकरा, मनोज कुकरा, गोपी कुकरा, गणेश कडेल, कपिल कडेल, गोपीचंद कुकरा, गोपाल कुकरा, श्री चंद कडेल, मनीष कुकरा, जयप्रकाश, पवन कुकरा, महावीर कडेल, हेमराज कुकरा, मूलचंद कडेल, गिरधारी कडेल सहित अन्य समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे।

### 'द्वादश ज्योतिर्लिंग भगवान शिव के मूर्त स्वरूप'

**चिड़ावा,** (निसं)। जो निर्विकार होते हुए भी अपनी माया से विराट विश्व का आकर धारण कर लेते है। स्वर्ग और अपवर्ग (मोक्ष) जिनके कृपा के प्रसाद बताए जाते है। योगीजन जिन्हें सदा अपने हृदय के भीतर देखते है। द्वादश ज्योतिर्लिंग उन्हीं भगवान शिव के मूर्त स्वरूप है। पुराणों मे इनकी महिमा का बड़ा बखान है। शिव भक्त इन्हें शिव का ही स्वरूप समझते है। उक्त कथन कथा व्यास वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने सेही कलां के शिवालय मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में छठे दिवस द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा का वर्णन करते हुए कहे। तिवाड़ी ने कथा के दौरान द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथा में भगवान राम के द्वारा रामेश्वरम स्थापना की सजीव झांकी सजाई गई। जिसके दर्शन कर उपस्थित श्रद्धालु महिला पुरुष खूब आनंदित हुए। कथा के दौरान सुमधुर संगीत ने वातावरण को भक्ति रस में भर दिया। कथा के प्रारंभ में यजमान डॉ. जगदीशप्रसाद शर्मा ने आचार्य सियाराम शास्त्री की अगुवाई में सपत्निक शिव महापुराण व व्यास पूजन किया।

# रतनगढ़ में जलदाय विभाग की लापरवाही पर जनता में आक्रोश

■ जर्जर ढांचों से पेयजल आपूर्ति प्रभावित

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ में जलदाय विभाग के पंप हाउसों, सीडब्ल्यूआर (क्लियर वाटर रिजर्वायर) और पंप सेटों की दयनीय स्थिति के साथ-साथ कई जर्जर विभागीय इमारतें स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई हैं। यह दुर्दशा विभागीय अधिकारियों की घोर लापरवाही को उजागर करती है, जिनका ध्यान कथित तौर पर लोगों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की ओर नहीं है।

शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थित जलदाय विभाग के महत्वपूर्ण ढांचे देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं। कई पंप हाउस अपनी परिचालन क्षमता खो चुके हैं, और पंप सेट अक्सर खराब रहते हैं, जिससे पेयजल आपूर्ति बाधित होती है। इसके अतिरिक्त, सीडब्ल्यूआर, जो पेयजल भंडारण के लिए महत्वपूर्ण हैं, उचित रखरखाव की कमी के कारण दूषित होने के जोखिम में हैं, जिससे निवासियों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

पार्षद मो. अब्बास गौरी ने और वहां पर निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उनका आरोप है कि अधिकारीगण इस गंभीर समस्या के प्रति आंखें मूंदे हुए हैं और उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं है कि आम जनता को पानी मिल रहा है या नहीं। यह स्थिति विशेष रूप से गर्मी के मौसम में और भी विकट हो जाती है, जब पानी की मांग अपने चरम पर होती है।

इस विकट समस्या के समाधान के लिए, रतनगढ़ के सभी जनप्रतिनिधियों से निवेदन किया गया है कि वे इस मामले में सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करें। स्थानीय नागरिक और विभिन्न संगठन एकजुट होकर जनप्रतिनिधियों से अपील कर रहे हैं कि वे विभागीय अधिकारियों पर दबाव डालें और इन जर्जर ढांचों की मरम्मत और रखरखाव के लिए तत्काल कदम उठाएं। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जलदाय विभाग की जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी और शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुधारा जा सकेगा। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रतनगढ़ के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ और नियमित पेयजल उपलब्ध हो, जो कि एक मूलभूत आवश्यकता है।

### प्रसाद की दुकानों सैंपल लिये

**सीकर,** (निसं)। जिले में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत बुधवार को खाटूश्यामजी में श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य वस्तुएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया के निर्देशन में चिकित्सा विभाग की टीम ने कार्रवाई की। पलसाना बीसीएमएचओ डॉ. नितेश शर्मा एवं उप जिला अस्पताल खाटूश्यामजी धाम के पीएमओ डॉ. गोगराज सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की दो टीमों ने मंदिर व उसके आसपास मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर जांच के लिए सैंपल लिए।

## सार-समाचार

### सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम

**झुंझुनूं,** (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में बुधवार को आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल रानी सती रोड चूणा चौक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम एवं उसके विद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यातायात जागरूकता प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के प्रायोजक एवं संयोजक एमजेएफ लॉयन मनोज सिंह टीकेएन थे एवं पौधारोपण कार्यक्रम के प्रायोजक एवं संयोजक लॉयन पीएल हलवाई थे। यातायात जागरूकता प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में लॉयन शिवकुमार जांगिड़ द्वारा उपस्थित बच्चों से ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए। जिनका सही उत्तर देने वाले सभी विद्यार्थियों को उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व स्कूल परिसर में स्थापित सरस्वती प्रतिमा पर लॉयन सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित की एवं स्कूल सचिव परमेश्वर हलवाई द्वारा क्लब पदाधिकारी एवं सदस्यों का माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया। क्लब पीआरओ लॉयन अशोक सोनी ने बताया कि इस अवसर पर क्लब लॉयन अध्यक्ष डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष भागीरथ प्रसाद जांगिड, अध्यक्षीय सलाहकार परमेश्वर हलवाई, प्रांतीय सलाहकार एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, द्वितीय उपाध्यक्ष शिवकुमार जांगिड, तृतीय उपाध्यक्ष लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, एमजेएफ लॉयन उमर कुरैशी, शकुंतला पुरोहित, एमजेएफ लॉयन मनोजसिंह टीकेएन, महिपाल सिंह, किशनलाल जांगिड़, स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. अजय शर्मा, अनिता महमिया, पीटीआई अनिल गौड़ सहित अन्यजन बडी संख्या में उपस्थित थे।

### लहरिया उत्सव का आयोजन

**सीकर** (निसं)। 30 जुलाई 2025 को श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति सीकर संभाग की लहरिया उत्सव का आयोजन बद्री बिहार में किया गया। इसमें 150 से अधिक महिलाओं ने गुलाबी लहरिया परिधान पहन कर भाग लिया। लहरिया उत्सव में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शीला डोडिया, राजस्थान अंचल अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल ,कोषाध्यक्ष विद्युत लुहाडिया व युवा प्रकोष्ठ मंत्री पूनम तिलक जयपुर से मुख्य अतिथियों के रूप में सम्मिलित हुई। दीप प्रज्वलन पुष्पा छाबड़ा ने ,मंच उद्घाटन रेनू जी विनायका ने किया। श्रीमती किरण काला व कोषाध्यक्ष संजू जयपुरिया ने सबका तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में महिला प्रकोष्ठ मंत्री बबीता काला युवा प्रकोष्ठ मंत्री मंजू लुहाडिया मनोनीत सदस्य समता जयपुरिया ,अंजना पाटनी ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। सांस्कृतिक मंत्री शिल्पी मोदी , बिंदिया अजमेरा श्वेता संगही द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।प्रचार प्रसार मंत्री नीता छाबड़ा ,चंदा काला और धार्मिक मंत्री रितु जयपुरिया व जूली छाबड़ा ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया। सावन सुंदरी प्रतियोगिता में 14 महिलाओं ने भाग लिया। सभी को मधु जयपुरिया द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।सावन सुंदरी का ताज मेघा पहाड़िया को मिला। लकी ड्रा में प्रथम मोना छाबडा, द्वितीय ललिता काला, तृतीय पल्लवी जैन को पुरस्कार मिला। मंच संचालन नीतू पटौदी द्वारा किया गया।

### 'संत आश्रम भक्ति का केंद्र बनेगा'

**पाटन** (निसं)। ग्राम पंचायत मांकडी स्थित संत आश्रम में इस वर्ष रविवार, 03 अगस्त को तृतीय विशाल कांवड एवं कलश यात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया जाएगा। यह आयोजन संतों की तपोभूमि मांकडी गांव में पिछले तीन वर्षों से निरंतर सफलता के साथ आयोजित की जा रही है, जो अब एक भव्य धार्मिक परंपरा का रूप ले चुकी है।इस विशेष आयोजन की जानकारी देते हुए गांव के उत्साही युवा हवासिंह मांकडी ने बताया कि यह यात्रा क्षेत्र में सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम है। हर वर्ष की भांति इस बार भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु-विशेष रूप से युवाओं एवं महिलाओं-की भागीदारी अपेक्षित है, जो कांवड़ एवं कलश लेकर संत आश्रम प्रांगण तक भक्ति यात्रा निकालेंगे।भक्ति से सराबोर इस कार्यक्रम के पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव के सभी वर्ग-विशेष रूप से कर्मचारी वर्ग-का भरपूर सहयोग मिल रहा है। चूंकि गांव में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या अधिक है, इसलिए इस आयोजन को रविवार के दिन रखा गया है ताकि सभी सहभागी बिना कार्य बाधा के इसमें सम्मिलित हो सकें।

### कार्यशाला आयोजित

**सीकर** (निसं)। राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय सीकर में बुधवार को महिला प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 के तहत जुलाई माह की गतिविधि "महिला, बालिका स्वास्थ्य प्रबंधन" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर सुनीता पाण्डेय द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ गीता दाधीच पूर्व स्त्री रोग विशेषज्ञ एस. के अस्पताल सीकर तथा डॉ प्रिंयका अमन, प्रोफेसर एस. के. मेडिकल कॉलेज सीकर उपस्थित रहें। डॉ गीता दाधीच ने के इतिहास, मुख्य प्रावधान, महत्व और प्रभाव पर जानकारी दी तथा डॉ प्रिंयका अमन ने पोषण तथा वैयक्तिक स्वच्छता विषय पर जानकारी दी।

### पीड़ित ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई

**चूरू,** (निसं)। निकटवर्ती गांव कडवासर में दबंगों ने एक खेत में से खेजडी के 30 हरे पेड़ काट लिए। पीडित किसान ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। यहां कडवासर निवासी सांवर मल पुत्र मानाराम ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, उपखंड अधिकारी और तहसीलदार को ज्ञापन देकर बताया कि मेहनू खां के वारिसान रुस्तम खान, आरिफ खान, नवाब खान, जंगशेर खान, इकबाल खान, मुस्ताक खान, लियाकत खान आदि ने उसके खेत में से खेजडी के 30 पेड काट लिए हैं। खेत के विवाद का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इन लोगों ने अवैध रूप से पेड काट लिए हैं। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके न्याय किया जावे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति-शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या / कार्य का नामः** गति-शक्ति/इंजी./जेपी/2025-26/09 उप मुख्य अभियंता (जी.एस.यु.) जयपुर-जयपुर मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर प्लेटफार्म को उठाना/विस्तार करना, प्लेटफार्म शैल्टर और अन्य सहायक सिविल इंजीनियरिंग के साथ एफ.ओ.बी. प्रदान करने का कार्य, **अनुमानित लागत रूपयेः** 635689959.74, **बयाना राशि रूपयेः** 3328500/-, **1** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड - मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति-शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2** निविदा स. गति-शक्ति/इंजी./जेपी/2025-26/09 की बन्द होने की तिथि 25.08.2025 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथी 25.08.2025 समय 16.00 बजे।

940-PS/25

हमें NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



शान निराली आके देखो कितना ये ज़ीशान है, 786/92 चाँदी की जाली में सोया मेवाड़ी सुल्तान है।

कुतबे ज़माना हज़रत विलायत अली शाह साहब उर्फ



दीवाना शाह साहब र. अ. का 84वां उर्स शरीफ

तारीखें उर्स : 6 सफर 1447 हिजरी, मुताबिक 01 अगस्त 2025 शुक्रवार (जुम्आ) से शुरू होकर 8 सफर 1447 हिजरी, मुताबिक 03 अगस्त 2025 बरोज रविवार सुबह कुल की फातेहा होगी। लिहाजा शिरकते उर्स फरमाकर फैज़याब हों और अपना दामने उम्मीद भरें।

मिनजानिब :-वक्फ कमेटी, दरगाह शरीफ, दीवाना नगर, कपासन, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) Phone No. : 01476-294212, 230212